# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 5)(जीवन की मौलिक इकाई)

(कक्षा – 9)

## पेज 73

**प्रश्न 1:**

क्या आप ऐसे अंगको का नाम बता सकते हैं जिनमें अपना अनुवांशिक पदार्थ होता है?

**उत्तर 1:**

माइटोकॉन्ड्रिया और पलैस्टिड में अपना अनुवांशिक पदार्थ होता है।

**प्रश्न 2:**

यदि किसी कोशिका का संगठन किसी भौतिक अथवा रासायनिक प्रभाव के कारण नष्ट हो जाता है, तो क्या होगा?

**उत्तर 2:**

कोशिका जीवन की सबसे छोटी इकाई है, जो सभी जीवित कार्यों में सक्षम है। अगर किसी भौतिक या रासायनिक प्रभाव के कारण कोशिका का संगठन नष्ट हो जाता है, तो कोशिका के सभी जीवित कार्यों जैसे श्वसन, पोषण, उत्सर्जन आदि प्रभावित होंगे। कोशिका अपना कार्य नहीं कर पायेगी और नष्ट हो जाएगी।

**प्रश्न 3:**

लाइसोसोम को आत्मघाती थैली क्यों कहते हैं?

**उत्तर 3:**

लाइसोसोम के अंदर अत्यंत शक्तिशाली पाचक रस होते है जो कोशिका के अंदर प्रवेश करने वाले विषाक्त, विजातीय पदार्थो को तो नष्ट करते ही है, कोशिका के ठीक से कार्य न करने वाले अंगको को भी नष्ट करके उसे साफ करने का कार्य करते है। कभी-कभी पूरी कोशिका ही बीमार हो जाती है और ठीक से कार्य नहीं करती, तब पूरी कोशिका को ही नष्ट करने के लिए, लाइसोसोम फट जाते हैं और एंजाइम अपनी ही कोशिकाओं को पाचित कर देते हैं। इसलिए लाइसोसोम को कोशिका की आत्मघाती थैली भी कहते हैं।

**प्रश्न 4:**

कोशिका के अंदर प्रोटीन का संश्लेषण कहाँ होता है?

**उत्तर 4:**

कोशिका के अंदर प्रोटीन का निर्माण राइयोसोम में होता है, इसीलिए राइयोसोमको प्रोटीन फैक्ट्री कहते है।